-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम हुये 12 वर्षीय बच्चे को सूचना के 04 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 06.03.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 12 वर्षीय गुम हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 06.03.2026 को निवासी लखीमपुर खीरी हालपता लघु सिंचाई विभाग जनपद बांदा द्वारा चौकी सिविल लाइन में सूचना दी कि उनका 12 वर्षीय पुत्र अनस कहीं खो गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला । सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी सिविल लाइन श्री आनन्द साहू व उनकी टीम द्वारा मौके पर जाकर आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बच्चे को 04 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया ।

पुलिस टीम का विवरण-

चौकी प्रभारी सिविल लाइन श्री आनन्द साहू मय टीम